दिन–मंगलवार दिनांक– 11 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे तक सैंतालीस दशमलव छह दो प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। सबसे अधिक किशनगंज जिले में इक्यावन दशमलव आठ छह प्रतिशत जबकि सबसे कम मधुबनी जिले में तैंतालीस दशमलव तीन नौ प्रतिशत मतदान हुआ है। पहले चरण में दोपहर एक बजे तक बयालीस दशमलव तीन एक प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। हालांकि सुरक्षा कारणों से कई निर्वाचन क्षेत्रों के एक हजार दो सौ दो मतदान केन्द्रों पर शाम पांच बजे तक ही मतदान होगा। जमुई जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई में शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। वहीं, कैमूर जिले के चैनपुर और नवादा जिले के रजौली तथा गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्रों में भी शाम पांच बजे तक ही मतदान होगा। कटोरिया, बेलहर, गोह, नबीनगर, कुटुम्बा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरूआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी और बोधगया निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ चिन्हित मतदान केन्द्रों पर भी शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे।

———————————————————

दूसरे चरण में तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण के लिए पैंतालीस हजार तीन सौ निन्यानवे मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पांच सौ पंचानवे पोलिंग बूथ महिलाकर्मियों और इक्कीस मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित हैं। वहीं, तीन सौ सोलह आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं।

———————————————————

विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में एक सौ छत्तीस महिला समेत एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत दांव पर है। नीतीश कुमार कैबिनेट के बारह मंत्री समेत कई दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव सुपौल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा भाजपा के टिकट पर मधुबनी जिले के झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री प्रेम कुमार गया टाउन से, रेणु देवी बेतिया से जबकि नीरज सिंह बबलू छातापुर से चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जदयू प्रत्याशी लेशी सिंह धमदाहा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार औरंगाबाद की कुटुंबा जबकि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान कदवा से, भाकपा माले के महबूब आलम बलरामपुर से और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी राजद के टिकट पर

—————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के साथ कई अन्य पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एनडीए की ओर से सबसे अधिक तिरेपन प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी की ओर से और चौवालीस उम्मीदवार जनता दल यूनाइटेड से चुनावी मैदान में हैं। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास ने पंद्रह, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने छह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल इकहत्तर और कांग्रेस सैंतीस सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी ने आठ और सीपीआई–माले ने छह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। महागठबंधन के घटक दल छह सीटों पर इस चरण में एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सिकंदरा, नरकटियागंज, कहलगांव और सुल्तानगंज सीट पर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कैमूर जिले की चैनपुर सीट पर राष्ट्रीय जनता दल के खिलाफ विकासशील इंसान पार्टी ने, जबकि रोहतास जिले की करगहर सीट पर सीपीआई ने कांग्रेस के खिलाफ प्रत्याशी उतारे हैं।

—————————————————

अरवल के बूथ संख्या एक सौ नवासी पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी अरविंद कुमार की हृदय गति रूकने से मौत हो गयी। ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गय। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

—————————————————

अररिया के फारबिसगंज में भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प हो गयी। प्रशासन के हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इधर, जहानाबाद के बूथ संख्या दो सौ बीस पर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में चार लोग घायल हो गये।

—————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।